# मध्यप्रदेश विधान सभा

## संक्षिप्त कार्य विवरण (पत्रक भाग-एक)

**सोमवार, दिनांक 30 जून, 2014 (9 आषाढ़, शक सम्वत् 1936)**

**विधान सभा पूर्वाह्न 10 : 32 बजे समवेत हुई.**

**अध्यक्ष महोदय (डॉ. सीतासरन शर्मा) पीठासीन हुए.**

### 1. राष्ट्रगीत 'वन्दे मातरम्' का समूहगान

सदन की कार्यवाही राष्ट्रगीत 'वन्दे मातरम्' के समूहगान से प्रारम्भ हुई.

### 2. शपथ

निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 144-विदिशा से उप चुनाव में निर्वाचित सदस्य, श्री कल्याण सिंह ठाकुर ने शपथ ली, सदस्यों की नामावली में हस्ताक्षर किए और सभा में अपना स्थान ग्रहण किया।

### 3. निधन का उल्लेख

अध्यक्ष महोदय द्वारा निम्नलिखित के निधन पर सदन की ओर से शोकोदगार व्यक्त किये गये : -

(1) श्री गोपीनाथ मुंडे, केन्द्रीय मंत्री
(2) श्री प्रभात पाण्डे, सदस्य विधान सभा
(3) श्री एस. मल्लिकार्जुनैया, पूर्व लोकसभा उपाध्यक्ष
(4) श्री तपन सिकदर, पूर्व केन्द्रीय राज्य मंत्री
(5) श्री नारायण प्रसाद शुक्ला, विधान सभा के पूर्व उपाध्यक्ष
(6) श्री बी.आर. यादव, पूर्व सदस्य विधान सभा; तथा
(7) श्री खुशवंत सिंह, पूर्व राज्य सभा सदस्य.

सर्वश्री शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री, श्री सत्यदेव कटारे, नेता प्रतिपक्ष, डॉ. राजेन्द्र कुमार सिंह, उपाध्यक्ष महोदय तथा श्री सत्यप्रकाश सखवार (एडवोकेट), सदस्य ने भी शोकोदगार व्यक्त किये. अध्यक्ष महोदय द्वारा सदन की ओर से शोकाकुल परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट की गई तथा सदन द्वारा 2 मिनिट मौन खड़े रहकर दिवंगतों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की गई.

दिवंगतों के सम्मान में पूर्वाह्न 11.06 बजे विधान सभा की कार्यवाही मंगलवार, दिनांक 1 जुलाई, 2014 (10 आषाढ़, शक सम्वत् 1936) के पूर्वाह्न 10.30 बजे तक के लिए स्थगित की गई.

**भगवानदेव ईसरानी,**
**प्रमुख सचिव,**
**मध्यप्रदेश विधान सभा**

**भोपाल:**
**दिनांक: 30 जून, 2014**